## डीएवी डेंटल कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय दंत चिकित्सा समीक्षा कार्यक्रम

# गलत खानपान के कारण बढ़ रहीं दांतों की बीमारियां : डॉ. कलसी

### विद्यार्थियों को दी गई इलाज में आधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इंडियन सोसायटी आफ पेरियोडोंटोलाजी एंड इंप्लांटोलाजी द्वारा डीएवी टेंडल कॉलेज यमुनानगर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय दंत चिकित्सा समीक्षा कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने की। मौके पर कॉलेज में पेरियोडोंटोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. निफिया पंडित, डॉ. शालिनी गुगलानी व डॉ. दीपिका ने दंत विशेषज्ञों का स्वागत किया। वक्ता के रूप में लुधियाना से आए विशेषज्ञ डॉ. कलसी व चंडीगढ़ से आई डॉ. विशाखा ग्रोवर ने भाग लिया।



यमुनानगर। डीएवी डेंटल कॉलेज में आयोजित दंत समीक्षा कार्यक्रम के समापन सत्र में भाग लेते विद्यार्थी व विशेषज्ञ।

डॉक्टर कलसी ने कहा कि मुंह का कैंसर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। पान मसाले का सेवन एवं सिगरेट तंबाकू के इस्तेमाल के कारण यह बीमारी बढ़ रही है। इसके अलावा दांतों की अन्य बीमारियां भी हमारे रहन सहन खान पान के कारण बढ़ रही हैं। डॉ. विशाखा ग्रोवर ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षित किया गया है कि वह इलाज करते समय परंपरागत तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तरीकों का भी इस्तेमाल करें। जिसके चलते मरीज को ज्यादा लाभ हो सके। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को इलाज में प्रयोग होने वाले उपकरणों के बारे में भी जागरूक किया गया।

### विद्यार्थियों का बढ़ेगा मनोबल : डॉ. भाटिया

कार्यक्रम के ऑब्जर्वर डॉ. विपुल भाटिया ने कहा कि देशभर से आए विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त ज्ञान से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा और यह उन्हें आगामी फाइनल परीक्षा में बहुत फायदेमंद रहेगा। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश से आई छात्रा रजनी व सोनिया ने कहा कि देश के प्रसिद्ध विशेषज्ञों से जुड़ने और क्लिनिकल केस स्टडीज पर चर्चा करने का बेहतरीन अवसर मिला। नेपाल से आई छात्राओं ने कहा कि डेंटल कॉलेज में आयोजित समीक्षा कार्यक्रम से उन्हें काफी ज्ञान मिला। इंडियन सोसाइटी आफ पेरियोडोंटोलॉजी एंड इम्प्लांटोलॉजी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. निफिया पंडित ने बताया कि यह संस्था दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और जनता को मसूड़ों की बीमारियों के प्रति जागरूक करने का कार्य करती है। यह संस्था दंत चिकित्सकों और शोधकर्ताओं को आधुनिक तकनीकों, जैसे कि लेजर उपचार और बोन ग्राफ्टिंग के लिए प्रोत्साहित करती है और शोध अनुदान (ग्रांट) देती है। डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आई के पंडित ने आए हुए विशेषज्ञों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह आगे भी इस प्रकार बच्चों का ज्ञान बढ़ाने में सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने बच्चों के लिए अच्छा माहौल देने का हर संभव प्रयास किया। हमें खुशी है कि इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटोलॉजी एंड इम्प्लांटोलॉजी संस्था समीक्षा कार्यक्रम पिछले सात साल से इस कॉलेज में करवा रही है।

# डिवाइडर पर मिले युवक के शव की हुई शिनाख्त

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के रेलवे रोड स्थित डिवाइडर पर मिले युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। उसकी पहचान सुंदर नगर निवासी 31 वर्षीय संजीव उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। संजीव चार बहनों का इकलौता भाई था। वह 11 जून की रात दोस्तों के साथ निकला था और दो दिन बाद उसका शव रेलवे रोड पर मिला। परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतक के चचेरे भाई अंकित ने बताया कि संजीव रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। 11 जून की रात करीब आठ बजे वह घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसके दो दोस्त घर पहुंचे और उसे अपने साथ ले गए। इसके बाद वह पूरी रात घर नहीं लौटा। परिजनों ने लगातार उसके मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उससे बात नहीं हो सकी। अगले दिन परिजनों ने अपने परिचितों और रिश्तेदारों से संपर्क कर संजीव के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। 13 जून की सुबह उन्हें सूचना मिली कि रेलवे रोड पर भोला कढ़ी-चावल की दुकान के सामने डिवाइडर पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर परिजन सिटी थाना पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें शव की तस्वीर दिखाई। तस्वीर देखकर उन्होंने मृतक की पहचान संजीव के रूप में की।

# शांतिपूर्वक एवं पारदर्शी तरीके से करवाई जाएगी नीट(यूजी) की परीक्षा : उपायुक्त

### जिले में बनाए गए हैं छह परीक्षा केंद्र 1736 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा



उपायुक्त प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 सफल, शांतिपूर्वक एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए हैं। उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर पीने के स्वच्छ पानी समेत अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी आयोजन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि 21 जून को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट.यूजी) की लिखित परीक्षा नकल रहित व पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाने के पुख्ता प्रबंध किए जाएेगें। उन्होंने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट (यूजी) परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए जिला में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । जिन पर करीब 1736 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेगे।

### परीक्षा केंद्रों पर सभी सुविधाएं करवाएं उपलब्ध

उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पीने के स्वच्छ पानी, बिजली, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध करवाएं। ताकि किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए बैंकों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम के वहां कैमरों की व्यवस्था के साथ साथ वहां उचित पुलिस बल की तैनाती होनी चाहिए। इस दौरान यह जरूर चेक करें कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे व जेमर सही प्रकार से काम कर रहे हैं या नहीं। अगर कोई कमी है तो उसे तुरंत दूर करवाएं। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि जिला में बनाए गए सभी परीक्षा केन्द्रों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कमरों की खिड़कियां व दरवाजे सही हालत में हों और वहां पर बिजली पानी का उचित प्रबंध हो। इस अवसर पर नगराधीश पीयूष गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता आदि मौजूद रहे।

## मारवाड़ी धर्मशाला में युवक ने फंदे पर लटककर दी जान

**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में रविवार सुबह एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक युवक उत्तर प्रदेश के जिला हापुड़ के गांव नवादा कलां का रहने वाला था। वह यमुनानगर के जगाधरी नगर निगम में ठेकेदार के पास सफाई का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार मामले के जांच अधिकारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि धर्मशाला प्रबंधन से पूछताछ में पता चला है कि सोनू 10 जून की शाम को धर्मशाला में ठहरने आया था। रोजाना की तरह आज रविवार सुबह सुनील तिवारी उसे चाय देने के लिए कमरे पर पहुंचा, लेकिन काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। वह कुछ समय बाद दोबारा आया और फिर दरवाजा खटखटाया, लेकिन इस बार भी कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर सुनील ने दरवाजे के ऊपर बने हिस्से से कमरे के अंदर झांककर देखा तो सोनू का शव पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। यह देखकर उसने तुरंत धर्मशाला प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीन ऑफ क्राइम टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि युवक ने कपड़े से फंदा बनाकर आत्महत्या की थी। पुलिस टीम ने शव को नीचे उतारा और उसकी तलाशी लेने पर कपड़ों से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान की गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। वहीं शव को कब्जे में लेकर जगाधरी के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# रक्तदाता की जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका : डॉ. परमार

- युवाओं से वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



एसएमओ डॉ. विजय परमार।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को रादौर के सामुयादिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में केंद्र के एसएमओ डॉ.विजय परमार ने भाग लिया। उन्होंने युवाओं से दूसरों का जीवन बचाने के लिए वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान अवश्य करने के लिए आहवान किया।

एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बताया कि नोबल पुरस्कार विजेता कार्ल लैंडस्टेनर के जन्मदिवस पर हर वर्ष 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। स्वस्थ व्यक्ति के द्वारा स्वेच्छा से और बिना पैसे के सुरक्षित रक्तदाता की जरूरत के बारे में लोगों की जागरूकता बढ़ाने के लक्ष्य से वर्ष 2004 में पहली बार इस कार्यक्रम को मनाने की शुरुआत की गई। रक्तदाता इस दिन एक मुख्य भूमिका में होता है। क्योंकि वो जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन बचाने वाला रक्त दान करते हैं।

उन्होने बताया कि वर्ष 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय रैडक्रास संघ तथा रेड क्रिसेंट समाज के द्वारा 14 जून को वार्षिक तौर पर मनाने के लिए पहली बार इसकी शुरुआत और स्थापना हुई। पर्याप्त रक्त आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित और बिना भुगतान वाले रक्तदाता, स्वेच्छा से रक्तदान देने वाले को बढ़ावा देन के लिए मई 2005 में 58वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन में 192 सदस्य राज्यों के साथ डबल्यूएचओ के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस की आधिकारिक रुप से स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि कार्ल लैंडस्टेनर एक महान वैज्ञानिक जिन्होंने एबीओ रक्त समूह तंत्र के अपने महान खोज के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया है। उनके जन्मदिवस को याद करने के लिए और राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर इसको मनाने के लिए सभी रक्त दाताओं को एक अनमोल मौका प्रदान करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

## सिख गुरु साहिबानों का योगदान महत्वपूर्ण : डॉ. भल्ला

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में सिख गुरु साहिबानों के इतिहास, शिक्षाओं और बलिदानों पर आधारित एक समर्पित अध्याय शामिल किए जाने के निर्णय का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में कालेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं कालेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिख गुरु साहिबानों के इतिहास, शिक्षाओं और बलिदानों पर आधारित समर्पित अध्याय शामिल किया जाना एक सराहनीय है। उन्होंने इसे विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। कहा कि सिख गुरु साहिबानों ने केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गुरु नानक देव जी द्वारा मानवता, समानता और भाईचारे का दिया गया संदेश तथा गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोबिंद सिंह जी के अद्वितीय बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव याद रहेंगे। उन्होंने सिख गुरू साहिबानों के इतिहास को आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत तमाम सरकार का आभार जताया है।



प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला।

## जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में हुई शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला

# शिक्षक विकसित करते हैं विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व की भावना

### मुख्य संसाधन वक्ता के रूप में ज्योति खरबंदा व डॉ. कल्पना बजाज ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर एक दिवसीय जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री व प्रबंध निदेशक रुबी कांबोज ने दीप प्रज्वलित करके किया। मौके पर मां सरस्वती वंदना व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। कार्यशाला में मुख्य संसाधन वक्ता ज्योति खरबंदा व डॉ. कल्पना बजाज ने भाग लिया।



यमुनानगर के जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक।

मुख्य संसाधन वक्ता ज्योति खरबंदा ने जेंडर सेंसिटिविटी, लैंगिक समानता, सम्मानजनक व्यवहार, समावेशी विद्यालयी वातावरण व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों, संवादात्मक सत्रों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को विषय की गहन समझ प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की संवेदनशीलता ही विद्यार्थियों में समानता, सम्मान, सहानुभूति एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का आधार बनती है। कार्यशाला में लैंगिक रूढियों, पूर्वाग्रहों, समान अवसरों, सम्मानजनक संवाद, बाल संरक्षण तथा विद्यालयों में सकारात्मक एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। संसाधन वक्ता डॉ. कल्पना बजाज ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरी

मौके पर चेयरमैन मुकेश शास्त्री व प्रबंध निदेशक रूबी कांबोज ने कहा कि सीबीएसई द्वारा प्रोत्साहित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को बदलते सामाजिक परिवेश के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहिए। जहां प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित एवं सशक्त महसूस करे। कार्यक्रम का समापन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ श्री राम स्तुति के सामूहिक गायन द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी प्रतिभागियों, संसाधन व्यक्तियों व सीबीएसई का आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## न्यूज डायरी



### मानव जीवन परमात्मा की अनमोल देनः गहलोत

**रादौर।** संत निरंकारी मिशन की ओर से गांव दौलतपुर में रविवार को संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समागम में मुख्यातिथि के रुप में संत निरंकारी मिशन के राजस्थान के जोनल इंचार्ज हरिमोहन गहलोत ने भाग लिया। राजस्थान के जोनल इंचार्ज हरिमोहन गहलोत ने कहा कि मानव जीवन परमात्मा की अनमोल देन है। जो असंख्य योनियों के पश्चात प्राप्त होता है। इसलिए इस दुर्लभ जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य परमात्मा की पहचान प्राप्त करना व उसके बताए मार्ग पर चलना है। उन्होंने गुरु, पीर, पैगंबरों व संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणादायक उदाहरण देते हुए कहा कि श्री गुरु नानक देव जी, संत कबीर जी, गुरु रविदास जी, हजरत मोहम्मद साहब व ईसा मसीह आजि सभी महापुरुषों ने मानवता को परमात्मा का साक्षात्कार करवाने का कार्य किया। हरिमोहन गहलोत ने कहा कि जब पूर्ण सतगुरु की कृपा से ब्रह्म ज्ञान प्राप्त होता है। तब मनुष्य परमात्मा को जान पाता है और उसका जीवन सार्थक बन जाता है।



### पतन की ओर ले जाती है नशे की आदत : कुमार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बुड़यि पुलिस ने गांव फतेहगढ़ में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 19 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में बुड़यि थाना प्रबंधक सतीश कुमार ने प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ किया। मुख्यातिथि एवं बुड़यि थाना प्रबंधक सतीश कुमार ने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जैसे एक मजबूत नाव के डूब जाने का कारण कभी कभी एक छोटा सा छेद बन जाता है। ठीक उसी प्रकार एक व्यक्ति की सम्पूर्ण अच्छाइयों, उसकी शारीरिक व बौद्धिक क्षमता को खत्म करने कारण नशे की बुरी लत बन जाती है। नशे की बुरी आदत व्यक्ति के सोचने समझने की क्षमता को खत्म कर देती है। सही व गलत अच्छाई व बुराई में अंतर करने की क्षमता को खत्म करने के साथ ही नशे की आदत व्यक्ति को पतन की ओर ले जाती है। इस अवसर पर सरपंच सोहनलाल, पंच ईश कुमार, प्रिंस, शेरी व मोहित आदि मौजूद रहे।



### ग्राम स्तर पर बनाएं कमेटियांः रतनमान

**यमुनानगर।** भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के व्यासपुर मंडल के सदस्यों की कस्बा के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने की। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और 16 जून से 18 जून तक हरिद्वार में आयोजित होने वाले यूनियन के राष्ट्रीय किसान चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि संगठन के विस्तार करने व मजबूत करने के लिए ग्राम समितियों का गठन किया जाना जरुरी है। मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर 26 जून को यूनियन का प्रतिनिधिमंडल हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज से मिलकर किसानों की बिजली की समस्या को दूर किए जाने की मांग करेगा। मौके पर दीपराणा,विनोद गुर्जर तेलीपुरा,नरेश मोहडी, राहुल संधाय, सुभाष शर्मा,महेंद्र चमरोडी,हरपाल सुढल, विनोद डांगी व सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे।



### गुरु रविदास जी के आदर्शों को करें आत्मसात

**यमुनानगर।** गुरु रविदास मंदिर कमेटी द्वारा शहर के जीएनके मार्ग स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर कमेटी के प्रधान जनता राम व गणमान्य ने मेयर सुमन बहमनी का स्वागत किया गया। मेयर सुमन बहमनी ने श्री गुरु रविदास महाराज के चरणों में माथा टेककर पूजा अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि, शांति और सामाजिक सद्भाव की कामना की। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता, समानता, सामाजिक समरसता और भाईचारे के संदेश को समर्पित किया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को ऊंच नीच, भेदभाव और जातिगत संकीर्णताओं से ऊपर उठकर प्रेम, सम्मान और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। गुरु रविदास जी का जीवन और उनके विचार समाज के लिए सदैव मार्गदर्शक रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने कर्म, सत्य, सेवा और मानव कल्याण को सर्वोच्च स्थान दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त, समरस और विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है।



### जीवन में विचारों में सकारात्मकता लाना आवश्यक

**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने साध संगत को मानवीय मन की भावनाओं के महत्व से अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि प्रकृति ने मनुष्य को मनन करने की शक्ति दी है। यह मनन शक्ति यदि सकारात्मक विषयों से जुड़े तो सृजनात्मक सिद्ध होती है। लेकिन नकारात्मक विषयों से एकत्व स्थापित कर ले तो कदाचित यह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए विध्वंसक और भयावह सिद्ध हो सकती है। जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु विचारों में सकारात्मकता लाना आवश्यक है। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने साध संगत को समझाया कि हमारा मन भावनाओं को मनन के द्वारा विस्तृत करता है। कदाचित हमें सदैव इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम अपनी इंद्रियों से द्वारा क्या ग्रहण कर रहे हैं। क्योंकि जो हम जाने अनजाने ग्रहण करते हैं वो हमारी मनन शक्ति के द्वारा इतना प्रभावशाली एवं विस्तृत हो जाता है। जिसका सीधा प्रभाव हमारे आचरण, व्यक्तित्व एवं व्यवहार पर पड़ता है। यह प्रभाव केवल व्यक्तिगत नहीं अपितु पारिवारिक सामाजिक एवं वैश्विक स्तर पर हमें प्रभावित कर सकता है।

*जिला कारागार में रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह*

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 'स्टार रक्तदाता' उपाधि से नवाजे दानवीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला कारागार कुरुक्षेत्र में विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कारागार अधीक्षक धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी श्याम सुंदर, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव रमेश और प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। 183 बार रक्तदान, 89 बार प्लेटलेट्स दान एवं 1 बार प्लाज्मा दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम संयोजक एवं रक्तदान अभियान के अग्रणी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कारागार अधीक्षक धर्मवीर सिंह और अन्य अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 25 बार से अधिक रक्तदान कर चुके हरियाणा के विभिन्न शहरों से रक्तदाताओं को 'स्टार रक्तदाता सम्मान' से सम्मानित किया गया



कुरुक्षेत्र। सम्मानित होने वाले रक्तदाता।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर विजय सिंह, मामचंद गर्ग, भीम कौशिक, बोधराज, नरेश कुमार खिप्पल, प्रदीप कुमार सिरसमा, जयबीर सिंह, सागर भारद्वाज, देवी दयाल शर्मा, गौरव कुमार, हरविंद्र सिंह, मंजीत सिंह, शैली शर्मा, सुरेंद्र कुमार, विशाल, कवलजीत, संजीव कुमार, रोबिन वर्मा, विश्व दीप बेदी, अनिल कुमार, कपिल अग्रवाल, हंसवीर वर्मा, बलिन्द्र पाल सैनी, डॉ. ईश्वर सिंह बुढ़ेडा, सरपंच गुरदास सिंह (ग्राम पंचायत झिंझरपुर), रिंकू सिंह राणा, कंवल सचदेवा, अमित कुमार, मनोज वशिष्ठ, सुनील दत्त, चमन लाल, रविन्द्र कुमार, प्रदीप राणा, राजेंद्र कुमार, दविंद्र कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।*

## रेडक्रॉस ने संस्थाओं के प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

भारतीय रैड क्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एवं महासचिव डॉक्टर सुनील कुमार एवं विश्राम कुमार मीणा उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र के कुशल मार्गदर्शन में कार्य कर रही जिला रैड शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से शनि मंदिर उमरी, जिला कारागार कुरुक्षेत्र, पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र व ग्राम पंचायत बिहोली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लगभग 125 यूनिट एकत्रित किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में रैड क्रॉस भवन कुरुक्षेत्र के अंदर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाली अनेकों संस्थाओं व स्वयं सेवको को सम्मानित किया गया, जिससे मेहर चंद मेहंदीरता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी, जन सहयोग हेल्प हेल्प एंड हेल्प, संत निरंकारी मिशन ,सर्व समाज कल्याण सेवा समिति,यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी, झांसा, महादेव ब्लड सेवा, मित्र जन सेवा और सहयोग समिति, शांति नारायण जन सेवा समिति, सौरव गुप्ता गुरप्रीत सिंह स्टार रक्त दाता मुरली शर्मा, तेजवीर सिंह ,मिथुन समाना, रामकुमार अन्य शामिल रहे।





### खबर संक्षेप



#### सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर गीता पाठ आज

**कुरुक्षेत्र।** गीतामनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सान्निध्य में गीता ज्ञान संस्थान, कुरुक्षेत्र में 15 जून को सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर ब्रह्मसरोवर में जीओ गीता द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामूहिक श्रीमद्भगवद्गीता पाठ, नाम-जप यज्ञ, जल सेवा, प्रसाद वितरण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विभिन्न सेवा कार्यों की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

#### बच्चों को मिडब्रेन एक्टिवेशन सिखाया

**थानेसर।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम, मुरथल, हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के पावन सान्निध्य में अजपा सिद्ध योग, सुरति योग और बालोत्सव कार्यक्रम के साधकों ने अपना फीडबैक दिया। आचार्य दीपेन्द्र ने सभी बच्चों को सुन्दर प्रशिक्षण दिया। जिसमें बच्चों को ध्यान, प्रज्ञा, उत्सव के साथ मिडब्रेन एक्टिवेशन सिखलाया गया।

### समस्याओं को लेकर महापंचायत बनी जनआक्रोश का केंद्र

# वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण के खिलाफ सर्वसमाज ने सड़क की जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब, मुख्य स्वर्ग आश्रम तथा डेहा कॉलोनी मुख्य मार्ग के आसपास वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण, गंदगी और जनसमस्याओं के खिलाफ रविवार को शहीद उधम सिंह स्मारक में आयोजित सर्व समाज की निर्णायक महापंचायत जनआक्रोश का केंद्र बन गई। सुबह 10 बजे शुरू हुई पंचायत में हजारों लोगों ने भाग लिया और सरकार तथा प्रशासन की कार्यशैली पर तीखे सवाल उठाए। महापंचायत में कोई भी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी निर्धारित समय तक नहीं पहुंचा, जिससे लोगों का रोष और बढ़ गया। संघर्ष समिति के आह्वान पर दोपहर करीब 12 बजे पंचायत में मौजूद लोगों ने बराड़ा रोड पर उतरकर सांकेतिक रूप से दो घंटे का रोड जाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आंदोलन के दौरान थाना प्रभारी जगदीश टामक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। महापंचायत की अगुवाई संघर्ष समिति के सदस्य त्रिलोचन सिंह हांडा, जसबीर सिंह मामूमाजरा, पार्षद राजेश उप्पल, जगतार सिंह तारा और सिख नेता मंजीत सिंह ने की। शाहाबाद के विधायक रामकरण काला और हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन सुभाष कलसाना भी धरने पर बैठे आंदोलनकारियों के बीच पहुंचे। काला ने कहा कि विपक्षी विधायक होने के चलते भले ही उनकी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजनीतिक परिस्थितियां अनुकूल न हों, लेकिन जनता के इस संघर्ष में वे पूरी मजबूती से साथ खड़े हैं। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ स्पष्ट नीति रखती है और किसी भी प्रकार के अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांकेतिक धरने के दौरान पहुंचे तहसीलदार नवनीत ने संघर्ष समिति को आश्वस्त किया कि शेष लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।





**शाहबाद।** बराड़ा रोड जाम कर सांकेतिक धरने पर बैठे आंदोलनकारी।

#### समिति ने 20 जून तक का दिया अल्टीमेटम

समिति ने घोषणा की कि यदि 20 जून तक सभी अवैध अतिक्रमण नहीं हटाए गए और लंबित मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो 22 जून को सुबह 10 बजे शहीद उधम सिंह स्मारक में पुनः विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग (जीटी रोड) जाम कर व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आंदोलनकारियों ने दो टूक कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था, जनस्वास्थ्य, कानून व्यवस्था और शहर के सम्मान की रक्षा के लिए लड़ी जा रही है।

## फ्लावर सिटी में भूमि कम मिलने का आरोप, किया विरोध प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** रोष जताते प्लॉट धारक।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप सेक्टर-32 स्थित फ्लावर सिटी में रिहायशी प्लॉटों को लेकर नया विवाद सामने आया है। डी ब्लॉक के दर्जनों प्लॉट धारकों ने आरोप लगाया है कि उनसे प्लॉट का पूरा भुगतान लेने के बावजूद कब्जा देते समय 10 से 20 प्रतिशत तक भूमि कम कर दी गई है। उधर फ्लावर सिटी के एमडी हरीश लूथरा ने कहा कि जिन प्लॉट धारकों की भूमि कम निकली है उन्हें कम भूमि के हिसाब से राशि वापस की जा रही है। इससे पहले मामले को लेकर रविवार को विश्राम गृह में प्लॉट मालिकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें फ्लावर सिटी प्रबंधन के खिलाफ रोष व्यक्त किया गया। प्लॉट धारकों का कहना है कि उन्होंने एक से तीन वर्ष पूर्व प्लॉट खरीदे थे तथा जीएसटी सहित पूरा भुगतान कर दिया था। कई लोगों ने बैंक ऋण लेकर प्लॉट खरीदे हैं और अब भी किस्तें चुका रहे हैं। उनका आरोप है कि अलॉटमेंट, एग्रीमेंट और अन्य दस्तावेजों में दर्शाई गई भूमि के अनुसार कब्जा नहीं दिया जा रहा है। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि जब उन्होंने मकान निर्माण की तैयारी शुरू की तो उन्हें पता चला कि वास्तविक भूमि निर्धारित क्षेत्रफल से कम है। उनका आरोप है कि पहले उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन हाल ही में कुछ प्लॉट धारकों को कथित रूप से कम राशि के चेक भेजकर मामला समाप्त करने का प्रयास किया गया।

## एसआईआर को लेकर विधायक अशोक अरोड़ा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



कुरुक्षेत्र। बैठक को संबोधित करते अशोक अरोड़ा।

**थानेसर।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा है कि बाबा साहब भीमराव अंबेड़कर द्वारा बनाए गए भारत के संविधान में सभी को बराबर का दर्जा प्राप्त है। हर को अपने मत का प्रयोग अपनी इच्छा से कर सकता है। लेकिन देश में मौजूदा भाजपा सरकार लोकतंत्र का हनन करने में जुटी हुई है। वे रविवार को एसआईआर को लेकर थानेसर विस क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकतार्ओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। अशोक अरोड़ा ने सभी कार्यकतार्ओं से आह्वान किया कि एसएआईआर का कार्य 15 जून से शुरू हो रहा है। सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाते हुए इसमें सहयोग करें। उन्होने कहा कि एसआईआर को लेकर सभी कार्यकर्ता जागरूक रहें व अपने इर्द गिर्द के मतदाताओं को भी जागरूक करें। अशोक अरोड़ा ने कहा कि एसआईआर के तहत सभी मतदाताओं को निर्धारित फॉर्म भरना होगा। सभी मतदाताओं का सही से फार्म भरवाएं व रंगीन फोटो भी साथ रखें। उन्होंने कार्यकतार्ओं से अपील की कि वे समय रहते अपने दस्तावेज पूरे करें और निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया में भाग लें ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से बाहर न रहे।

## संडेज ऑन साइकिल रैली आयोजित कर दिया फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कुरुक्षेत्र।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र ने रविवार को उन्नत भारत अभियान के तहत देशव्यापी संडेज ऑन साइकिल अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित इस रैली का उद्देश्य संस्थान समुदाय में शारीरिक फिटनेस, पर्यावरणीय संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह विशेष रैली ह्यफिट इंडिया मूवमेंट की प्रमुख पहल संडेज ऑन साइकिल अभियान के तहत आयोजित की गई। इस अभियान को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सक्रिय समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री के फिट और स्वस्थ भारत के विजन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह अभियान देशभर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईटी कुरुक्षेत्र के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से हुआ, जिसमें फैकल्टी सदस्यों, कर्मचारियों, छात्रों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## लोगों ने आरोपी डॉक्टर का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कथित दुष्कर्म मामले के आरोपी डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा उर्फ शैली के खिलाफ अनुसूचित समाज का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को समाज के लोगों ने अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर आरोपी डॉक्टर का पुतला फूंका और उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से डॉक्टर की मेडिकल डिग्री तत्काल रद्द करने तथा उसे फांसी की सजा देने की मांग उठाई। इससे पूर्व अनुसूचित समाज के लोग रविदास धर्मशाला में एकत्रित हुए, जहां मामले को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने रोष मार्च निकाला, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ अंबेडकर चौक पहुंचा। यहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए आरोपी डॉक्टर का पुतला दहन किया। रीटा सोलखे ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज को शर्मसार करती हैं और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार का अपराध करने का साहस न कर सके।



## कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का समापन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की एक इकाई, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यार्थियों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर-2026 का समापन हो गया। 08 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता तथा नवाचार की भावना का विकास करना था। प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक आयोजित इन शिविरों में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आर. ऋषि ने कहा कि इस प्रकार के विज्ञान आधारित शिविर बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक सोच तथा रचनात्मक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, प्रश्न पूछने तथा विज्ञान को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।





## साधकों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का किया कॉमन प्रोटोकॉल अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

आयुष विभाग हरियाणा, हरियाणा योग आयोग पंचकूला, जिला आयुष अधिकारी डॉ मंजू शर्मा तथा भारतीय योग संस्थान हरियाणा प्रांत इकाई के निदेर्शानुसार 11से 13 जून तक शहर के विभिन्न स्थानों पर भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर बहुत अच्छे ढंग से संपन्न हो गए। इन योग प्रशिक्षण शिविरों में साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। सामूहिक प्रार्थना एवं गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात प्रोटोकॉल अभ्यास में सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, वज्रासन में, पेट के बल लेट कर, कमर के बल लेट कर योगासन संस्थान के प्रशिक्षित शिक्षकों नीरू, मोहिंदर गुप्ता, भीम राज सैनी व राजेश भट्ट तथा आयुष योग सहायक रजत कम्बोज, वीरेंद्र कुमार, डिंपल ने बड़े सुंदर ढंग से करवाए। स्थानीय संरक्षक हरि राम जोशी ने गहरे लंबे श्वास, प्राणायाम एवं ध्यान साधना का हृदय स्पर्शी अभ्यास करवा कर सबको अंतमुर्खी बनाकर सभी को अपने-अपने इष्टदेव से मिलवाया।





## अग्रवाल सभा सेक्टर-5 ने लगाया मेडिकल चेकअप कैंप, 200 मरीजों ने उठाया लाभ

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल सभा सेक्टर-5, कुरुक्षेत्र द्वारा रविवार को शिव मंदिर हॉल, सेक्टर-5 में एक विशाल निशुल्क मेडिकल चेकअप एवं स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। अग्रवाल सभा सेक्टर-5 के प्रधान अनिल गर्ग ने बताया कि कैंप में दंत चिकित्सक डॉ. अनीश सिंगला राजवंशी क्लिनिक, कुरुक्षेत्र एवं उनकी टीम तथा डॉ. अंशुल मंगला, मंगला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र एवं उनकी टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की तथा निशुल्क दवाओं का वितरण किया। कैंप के दौरान ईसीजी, बीएमडी, पीएफटी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं एलएफटी सहित विभिन्न जांचें निशुल्क की गईं। उन्होंने बताया कि शिविर में 200 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श देकर आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी दिए गए। डॉ. अंशुल मंगला के साथ डॉ. प्रियंका गर्ग (इंटरनल मेडिसिन) एवं डॉ. हरजोत सिंह (ऑथोर्पेडिक) ने भी मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय सलाह प्रदान की। कैंप में अग्रवाल सभा के प्रधान अनिल गर्ग, उपप्रधान सुनील मित्तल, महासचिव प्रवेश गुप्ता, कैशियर प्रवीण गुप्ता, सहसचिव विपिन गुप्ता, प्रोजेक्ट इंचार्ज एडवोकेट सचिन गुप्ता सहित सभा के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | निःशुल्क ऑर्थोपेडिक एवं सामान्य चिकित्सा शिविर में 135 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

*हड्डियों एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से ग्रसित मरीजों को जांचा*

# स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना उद्देश्य : हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क ऑर्थोपेडिक एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल के संस्थापक एवं संचालक डॉ. हिमांशु जैन के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सेवा-समर्पित दृष्टिकोण के कारण यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का एक विश्वसनीय केंद्र बनकर उभरा है। उनके मार्गदर्शन में अस्पताल आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, अनुभवी विशेषज्ञों तथा मानवीय संवेदनाओं के समन्वय के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना ही नहीं, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना भी है। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, सेक्टर-32, चंडीगढ़ से आए वरिष्ठ ऑथोर्पेडिक विशेषज्ञ डॉ. लवीश गर्ग ने हड्डियों एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से ग्रसित मरीजों की गहन जांच की तथा उन्हें आधुनिक एवं प्रभावी उपचार संबंधी परामर्श प्रदान किया।



**कुरुक्षेत्र।** मरीज का चेकअप करते चिकित्सक।

#### महिलाओं से नियमित जांच करवाने का आह्वान

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रूचि जैन ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने, एनीमिया, थायरॉइड, हार्मोनल असंतुलन तथा स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उचित उपचार से अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

#### मरीजों को निःशुल्क दवाइयां की वितरित

शिविर के मुख्य संयोजक एवं मेडिकल कैंप आयोजक डॉ. संजय शर्मा के कुशल समन्वय एवं प्रबंधन में यह 2106 वां चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 135 मरीजों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन सहित आवश्यक जांचें निःशुल्क की गईं तथा मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में मरीजों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। ओमप्रकाश शर्मा सैक्टर 13,अनिल सिंगला, रेनू ज्योति नगर व पवन शर्मा एडवोकेट सहित अनेक मरीजों ने बताया कि उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से उचित परामर्श प्राप्त हुआ, जिससे उनके स्वास्थ्य के प्रति विश्वास और जागरूकता में वृद्धि हुई।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनिका कोऑर्डिनेटर, आशीष पीआरओ, अंजू, प्रिंस, एकता, अमृत, मुमताज, रुमा, महक, सोनिया, प्रवीण निगढू, विनोद, विक्की, संजीव,मीणा, मंजीत कौर, राहुल, चेतन, अंकित, कृष्ण लाल,रमेश,राजेंद्र सिंगला का विशेष योगदान रहा। सभी के सहयोग एवं समर्पण से यह जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

